Need to extend National Highway No. 86 from Kanpur upto Bhopal

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : मेरे संसदीय क्षेत्र सागर से सागर कानपुर मार्ग को नेशनल हाइवे 86 घोाित किया गया है। इस मार्ग की हालत काफी खराब है। जबकि कानपुर से मद्रास जाने वाले अधिकांश वाहन इसी मार्ग से वाया सागर होकर जाते हैं। अभी इसकी सागर तक ही घोाणा हुई है जबकि कानपुर सागर से आगे बढ़ाकर इसको मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल तक वाया विदिशा मार्ग से बढ़ाया जा सकता है, जिससे कि भोपाल को सड़क मार्ग से लखनऊ तक हाइवे से जोड़ा जा सके।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि नेशनल हाइवे 86 को कानपुर, सागर से भोपाल तक बढ़ा कर इसका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ किया जाए जिससे मध्य प्रदेश एवम् उत्तर प्रदेश की जनता संयुक्त रूप से लाभान्वित हो सके।